भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 3718

(जिसका उत्तर मंगलवार, 05 अप्रैल, 2022 को दिया गया)

देश में प्रचलित विदेशी कंपनियां

3718. श्री नीरज डांगी:

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में प्रचलित विदेशी कंपनियों की राज्य/क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार को ऐसी विदेशी कंपनियों से राजस्व प्राप्त हुआ है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इन विदेशी कंपनियों ने भारत में कोई पंजीकरण करवाया है; और
(घ) क्या कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (घ): कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 2(42) के तहत ''विदेशी कंपनी'' को भारत के बाहर निगमित किसी ऐसी कंपनी या कारपोरेट निकाय के रूप में परिभाषित किया गया है जिसका (क) भौतिक रूप से या इलेक्टॉनिक तरीके से या तो स्वयं का या किसी ऐजेंट के माध्यम से भारत में व्यवसाय का स्थान है और (ख) जो किसी अन्य तरीके से भारत में किसी व्यावसायिक कार्यकलाप का संचालन करता या करती है। इस अधिनियम की धारा 380(1) के अनुसार, प्रत्येक विदेशी कंपनी, भारत में अपना व्यवसाय करने संबंधी कार्य स्थापित करने के 30 दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेजों को पंजीकरण हेतु कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) को भेजेगी।

देश में रजिस्ट्रीकृत विदेशी कंपनियों और सक्रिय विदेशी कंपनियों की संख्या का ब्यौरा अनुलग्नक - क में दिया गया है।

ऐसी विदेशी कंपनियों द्वारा देश में वर्ष 2020-21 और वर्तमान वर्ष के दौरान रजिस्ट्रेशन के रूप में संगृहीत फीस और फाइल किए गए प्ररूपों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

ब्यौरा	वर्ष 2020-21	वर्ष 2021 से आज की तारीख (28.03.2022) तक
ऐसी विदेशी कंपनी द्वारा रजिस्ट्रेशन के रूप में संगृहीत फीस और फाइल किये गए प्ररूप (रुपए में)	7,02,46,600	10,33,25,600

अनुलग्नक - क

राज्य	भारत में पंजीकृत विदेशी कंपनियों की संख्या	भारत में सक्रिय विदेशी कंपनियों की संख्या
असम	2	2
आंध्र प्रदेश	72	48
बिहार	5	4
छत्तीसगढ़	1	1
चंडीगढ़	2	1
दिल्ली	1957	1444
गोवा	8	4
गुजरात	78	52
हरियाणा	450	248
हिमाचल प्रदेश	2	0
जम्मू और कश्मीर	1	0
झारखंड	3	0
कर्नाटक	462	252
केरल	29	27
महाराष्ट्र	1346	815
मणिपुर	1	1
मध्य प्रदेश	7	7
उड़ीसा	11	10
पंजाब	6	6
पुदुचेरी	3	1
राजस्थान	18	15
तमिलनाडु	335	217
तेलंगाना	47	38
उत्तर प्रदेश	108	78
उत्तराखंड	7	5
पश्चिम बंगाल	89	59
कुल	**5050**	**3335**

****